हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 13 जून 2025

तापमान
अधिकतम 45.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

11 केंद्र सरकार के 11 साल-विकसित भारत के अमृत काल थीम पर प्रदर्शनी का शुभारंभ



12 केस चलाने की नहीं पड़ी जरूरत महिला के हत्यारोपी ने खाया जहर




## खबर संक्षेप

### ट्रेन में झपकी आते ही मोबाइल चोरी

**रेवाड़ी।** ऐलनाबाद से गुरूग्राम के लिए ट्रेन में सवार हुए एक यात्री का मोबाइल फोन चोरी हो गया। जीआरपी गुरूग्राम को दर्ज शिकायत में ऐलनाबाद के खारी सुरेरा निवासी रामरतन ने बताया कि वह ट्रेन से गुरूग्राम जा रहा था। लोहारू स्टेशन के पास कुछ देर के लिए उसकी आंख लग गई। इसी दौरान किसी ने उसका मोबाइल फोन चोरी कर लिया। गुरूग्राम से मिली जीरो एफआईआर के आधार पर केस दर्ज करने के बाद जीआरपी ने फोन का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज

**डहीना।** बुड़ौली बस स्टैंड के पास कार को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त करने के आरोप में पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस शिकायत में कनीना निवासी योगेंद्र ने बताया कि वह अपने दोस्त ललित के साथ रेवाड़ी ड्यूटी पर कार से जा रहा था। बुड़ौली बस स्टैंड के पास एक ट्रैक्टर चालक बिजली का पोल बांधकर जा रहा था। उसने बिना संकेत अचानक ट्रैक्टर मोड़ दिया, उसकी कार क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद चालक की तलाश शुरू कर दी।

### श्रमिक से मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**नांगल मूंदी।** नांगल गांव में श्रमिक के साथ मारपीट करने का आरोपी डेयरी संचालक पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बिहार के समस्तीपुर जिला के गांव डाठा निवासी रामबाबू ने पुलिस बयान में डेयरी संचालक नरेंद्र पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। पुलिस ने उसके बयान पर आरोपी के खिलाफ 10 जून को केस दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में आरोपी नरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### स्टेशन पर ट्रेन में युवती का पर्स चोरी

**रेवाड़ी।** स्टेशन से दिल्ली कैंट ट्रेन में जा रही युवती का बैग चोरी हो गया। दिल्ली कैंट जीआरपी को दर्ज शिकायत में रोहतक की जेपी कॉलोनी निवासी मीनाक्षी ने बताया कि वह रोहतक से वाया रेवाड़ी दिल्ली जा रही थी। रेवाड़ी स्टेशन पर किसी ने उसका पर्स चोरी कर लिया। पर्स में 7 हजार रुपये, एटीएम कार्ड व अन्य दस्तावेज थे। पूछताछ के बाद भी पर्स का पता नहीं चला। दिल्ली कैंट से मिली जीरो एफआईआर के आधार पर जीआरपी ने चोरी का केस दर्ज कर लिया।

### छात्र से मारपीट के चार आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने सहारनवास में 23 मई को एक छात्र के साथ मारपीट करने के मामले में चार युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बावल निवासी आकाश के बयान पर लगभग एक दर्जन युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने सोहना निवासी हर्षित, सोहना के उमड़या निवासी रितिक, सोहना के लाखवास निवासी दीपक व नितेश को इस मामले में गिरफ्तार किया है। एक आरोपी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

### पेट्रोल पंप के पास खड़ी बाइक चोरी

**धारूहेड़ा।** सीएनजी पंप के पास खड़ी एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पुलिस शिकायत में खिजूरी निवासी यादवेंद्र ने बताया कि उसने अपनी बाइक सीएनजी पंप के पास खड़ी की थी। इसके बाद वह किसी काम से चला गया। वापस आने पर उसे बाइक नहीं मिली। आसपास काफी पूछताछ करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### ठेकेदार की ओर से स्ट्रीट लाइटों की ठीक से नहीं की जा रही देखरेख, कहीं तिरंगा लाइटें तो कहीं स्ट्रीट लाइटें खराब

# नगर परिषद को नहीं परवाह, मेंटेनेंस न होने से शहर की काफी स्ट्रीट लाइटें बंद, रात के समय कई मार्गों पर छाया अंधेरा

■ स्ट्रीट लाइटों की मेंटेनेंस के लिए करीब 75 लाख रुपये का ठेका दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नगर परिषद की ओर से स्ट्रीट लाइटों पर लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी शहर की कई सड़कों पर रात के समय अंधेरा छाया हुआ है। नप अधिकारियों की ओर से मॉनिटरिंग नहीं करने के कारण ठेका लेने वाले ठेकेदार की ओर से लाइटों की समय पर मेंटेनेंस नहीं की जा रही है। नगर परिषद की ओर से गत वर्ष अक्टूबर में स्ट्रीट लाइटों के मेंटेनेंस व तिरंगा लाइटें लगाने के वर्क ऑर्डर किए थे। स्ट्रीट लाइटों की मेंटेनेंस के लिए करीब 75 लाख रुपये का ठेका दिया गया तथा 45 लाख रुपये की तिरंगा लाइटें लगाई गई, लेकिन उसके बाद एक महीने ही शहर की सभी सड़कों पर लाइटें सुचारू रूप से चालू रही। वर्तमान में शहर के कई मार्गों पर कही स्ट्रीट लाइटें तो कहीं तिरंगा लाइटें बंद हो चुकी है। इसके अलावा अनाजमंडी रोड, सरकुलर रोड पर नाईवाली चौक से अग्रसेन चौक, मेन बाजार, गढी बोलनी रोड, बाइपास, मिनी बाइपास व नेहरू पार्क से हाउसिंग बोर्ड रोड पर बीच-बीच में काफी स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हुई है।







**रेवाड़ी।** नेहरू पार्क के सामने स्ट्रीट लाइटें बंद, जल रही तिरंगा लाइटें, अनाजमंडी के सामने सभी लाइटें बंद, सरकुलर रोड पर अग्रसेन चौक पर छाया अंधेरा।

#### बार-बार बंद हो रही लाइटें कर रही परेशान


शहर का सौन्दर्य बढ़ाने के लिए बिजली पोल पर लगाई गई काफी तिरंगा लाइटें भी खराब होकर दम तोड़ चुकी है। तिरंगा लाइटों के लगने से रात के समय मार्गो पर अलग ही सौन्दर्य देखने को मिल रहा था। शहर के सरकुलर रोड, मेन बाजार, गढ़ी बोलनी रोड, दिल्ली रोड, बावल रोड व ओवरब्रिज सहित सहित सभी मार्गो पर तिरंगा लाइटें लगाई गई थी। स्ट्रीट लाइटें व तिरंगा लाइटें खराब होने से शहर की सड़कों पर रात के समय अंधेरा छा रहा है। स्ट्रीट लाइटों के बंद रहने से रात के समय वाहन चालकों को ज्यादा परेशानी हो रही है। वर्तमान में कई मार्गो पर बीच-बीच में स्ट्रीट लाइटें व तिरंगा लाइटें खराब हो चुकी है। ठेका लेने वाली फर्म की ओर से खराब हुई स्ट्रीट लाइटों व तिरंगा लाइटों की मरम्मत तक नहीं की जा रही है।

#### पांच महीने पहले सभी मार्ग थे लाइटों से रोशन

पांच महीने पहले सभी मार्ग थे लाइटों से रोशनशहर के सरकुलर रोड, अनाजमंडी रोड, मिनी बाइपास, गढ़ी बोलनी रोड, झज्जर रोड, सचिवालय के सामने, दिल्ली रोड, नारनौल रोड, मेन बाजार, ओवरब्रिज व बाइपास सहित सभी मार्गो पर स्ट्रीट लाइटें ठीक करने के साथ बिजली पोल पर लड़ियों के रूप में तिरंगा लाइटें लगाई गई थी, इसके बाद सभी मार्ग लाइटों से रोशन हो गए थे, लेकिन अब कई मार्गों पर स्ट्रीट व तिरंगा लाइटें खराब हो चुकी है। स्ट्रीट लाइटों के बंद होने से रात के समय अंधेरे में हादसे होने का खतरा बना हुआ है।

#### सीएम करेंगे फ्लाईओवर का शुभारंभ शहर के दूसरे छोर में छाया अंधेरा

लंबे इंतजार के बाद बनकर तैयार हुए भाड़ावास रोड रेलवे ओवरब्रिज का शुभारंभ 15 जून को सीएम नायब सिंह सैनी करेंगे। इस फ्लाईओवर के शहर से दूसरे छोर पर स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं। शहर के प्रबुद्ध लोगों ने वीरवार को इन स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराने के लिए सीएम के नाम का पत्र डीसी अभिषेक मीणा को सौंपा। समाधान शिविर के दौरान भाजपा खोरी मंडल के कोषाध्यक्ष मनोज गर्ग, नरेश यादव, जसबीर चौधरी, करतार सिंह, स्वपन गोयल व महावीर निनानियां आदि ने बताया कि डीसी को पत्र लिखकर बताया कि जाटूवास रोड की ओर स्ट्रीट लाइटें बंद रहती हैं। इससे रात के समय एक ओर जहां हादसों की आशंका रहती है, तो दूसरी ओर आपराधिक वारदातों का अंदेशा भी बना रहता है। जिस फ्लाईओवर का शुभारंभ सीएम करेंगे, उसके दूसरे हिस्से की ओर लाइटों की व्यवस्था बदहाल बनी हुई है। उन्होंने डीसी से मांग की कि सीएम के आगमन से पहले लाइटों की व्यवस्था दुरुस्त करवाई जाए।



**रेवाड़ी।** भाड़ावास रोड पर शहर के दूसरे छोर पर छाया अंधेरा। फोटो :हरिभूमि

## विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी में दो आरोपी गिरफ्तार



**रेवाड़ी।** पुलिस गिरफ्त में ठगी के आरोपी। फोटो :हरिभूमि

■ दोनों को अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने गत वर्ष सितंबर माह में नौकरी के लिए यूएसए भेजने के नाम पर लगभग 14.27 लाख रुपये से ज्यादा की ठगी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों को अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। बावल सिविल अस्पताल के पास रहने वाले धीरज ने 6 सितंबर 2024 को साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया था कि उसके मोबाइल फोन पर एमिली जॉनसन के नाम से फ्रेंड रिक्वेस्ट आई थी। उसे असेप्ट करने के बाद उसके नंबर पर व्हाट्सएप कॉल आई थी। बातचीत करने वाले को उसने बताया था कि वह बेरोजगार है और विदेश में वीजा पर जॉब करना चाहता है। उसे यूएसए में वीजा लगाने को कहा गया। बाद में उसी नंबर से कॉल आई कि उसका वीजा एयरपोट अथॉरिटी को भेज दिया गया है। उसे झांसे में लेकर बताया कि उसका वीजा एयरपोर्ट से छुड़वाने के लिए पेमेंट करनी होगी। उससे कई खाता नंबरों पर विभिन्न ट्रांजेक्शन के जरिए 1426500 रुपये ट्रांसफर करा लिए। ससे और राशि की मांग की, तो उसे साइबर ठगी का अहसास हुआ। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। पुलिस ने इस मामले में जांच के बाद यूपी के गुराना रोड बड़ोत निवासी शाहरुख अहमद और यूपी के ही पट्टी ब्राह्मणान सादकपुर सनोली निवासी रविकांत को गिरफ्तार कर लिया। इनके बैंक खातों में धीरज की रकम ट्रांसफर हुई थी।

### मकान में रखे संदूक का ताला तोड़कर जेवरात उड़ाए

**रेवाड़ी।** हांसाका गांव में चोर एक मकान के अंदर रखी संदूक का ताला तोड़कर जेवरात चोरी कर ले गए। सदर थाना पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

पुलिस शिकायत में गांव निवासी शिवकुमार ने बताया कि उसके घर में रखी संदूक में जेवरात थे। बुधवार सायं उसे संदूक का ताला टूटा हुआ दिखाई दिया। संदूक में रखने गहनों का बैग गायब था। बैग में सोने के 2 जोड़ी कुंडल, सोने की अंगूठी व चांदी के काफी जेवरात थे। आसपास पूछताछ करने के बाद भी चोरों का कोई सुराग नहीं मिला।

## बेटे ने सुपारी देकर करवाई थी पिता की हत्या पुलिस ने हत्यारोपी को लिया हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

ठोठवाल गांव में हुई वृद्ध बीरसिंह की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। आरंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि बीरसिंह के बेटे ने ही अपने पिता की हत्या कराने के लिए पड़ोसी गांव के व्यक्ति को सुपारी दी थी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, परंतु अभी गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं की है। बीर सिंह गत मंगलवार को बाइक लेकर घर से गांव में ही ताश खेलने के लिए गया था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। परिजनों ने रामपुरा थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। बुधवार सुबह बीरसिंह का शव उसके खेत में ही पड़ा मिला था। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों ने उसकी मौत गर्दन पर चाकू के वार से होने का खुलासा किया था। रामपुरा थाना पुलिस ने हत्या का केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी थी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीरसिंह की हत्या पुंसिका निवासी कृष्ण ने उसके बेटे से पांच लाख रुपये की सुपारी लेकर की थी। पुलिस ने कृष्ण को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बताया कि रवि उसके पिता की हत्या का सौदा करने के बाद वह बीरसिंह के बुलावे पर भी उसके ट्यूबवेल पर बिजली ठीक करने के लिए गया था।

मौका पाकर उसने बीरसिंह की गर्दन पर चाकू से वार कर दिए, जिससे उसकी मौत हो गई।




**रेवाड़ी।** गोपाल देव चौक के पास स्थित रामपुरा पुलिस थाना। फोटो :हरिभूमि

#### बेटे के बयान ने पैदा किया संदेह

पुलिस सूत्रों के अनुसार बीरसिंह का शव मिलने के बाद उसके बेटे रवि ने पुलिस को बताया था कि उसके पिता की किसी के साथ कोई रंजिश नहीं थी। खेतों में आवारा पशु किसानों पर हमला करते रहते हैं। ऐसे में उसके पिता को भी किसी पशु ने ही शिकार बनाया होगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चाकू से हत्या की बात सामने आने के बाद रवि के बयान ने पुलिस का शक बढ़ा दिया। थाना प्रबंधक विद्यासागर ने हत्या से जुड़ी तमाम कड़ियों को जोड़ते हुए कृष्ण को हिरासत में ले लिया। सूत्रों के अनुसार मृतक के बेटे को भी हिरासत में ले चुकी है, परंतु दोनों की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं की थी।

### दिनदहाड़े मकान का ताला तोड़कर नकदी व जेवरात चोरी

**रेवाड़ी।** गांधी नगर में चोर दिन दहाड़े एक मकान का ताला तोड़कर जेवरात चोरी कर ले गए। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया। सिटी पुलिस को दर्ज शिकायत में नितिन जैन ने बताया कि वह गत बुधवार को सुबह के समय ड्यूटी पर चला गया था। दोपहर के समय उसकी पत्नी राजबाला किसी काम से बाहर चली गई। लगभग 2 घंटे बाद जब वह घर लौटी तो मकान का ताला टूटा हुआ था। कमरे के अंदर रखी अलमारी खुली हुई थी। चोर अलमारी से 15 हजार रुपये, सोने की चेन, अंगूठी, बाली व संदूक में रखे बैग से चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। उसने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की वीडियोग्राफी की। इसके बाद पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर लिया।

### घर के बाहर खड़ी बाइक ले गया चोर सीसीटीवी कैमरे में नजर आया

**धारूहेड़ा।** कापड़ीवास में चोर एक घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गया। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने फुटेज कब्जे में लेकर आरोपी का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। पुलिस शिकायत में चंद्रभान ने बताया कि उसकी बाइक को बेटा इस्तेमाल करता है। उसके बेटे ने मकान के बाहर खड़ी करने के बाद बाइक लॉक कर दी थी। मौका पाकर चोर उसकी बाइक चोरी कर ले गए। बाइक गायब मिलने के बाद आसपास काफी पूछताछ की गई, परंतु बाइक का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद बाइक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। उसने अपने घर के बाहर लगा कैमरा चेक किया तो तड़के 3:24 बजे एक लड़का उसकी बाइक चोरी करते हुए दिखाई दिया। उसने तुरंत पुलिस को फोन किया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर पुलिस ने आरोपी की पहचान कराने के प्रयास शुरू कर दिए।

■ पुलिस ने फुटेज कब्जे में लेकर आरोपी का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए

### अवैध हथियार उपलब्ध कराने वाला आरोपी गिरफ्तार

सीआईए रेवाड़ी प्रभारी निरीक्षक सुमेर सिंह की टीम ने अवैध हथियार उपलब्ध कराने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला चरखी दादरी के गांव बोंद खुर्द निवासी संदीप उर्फ डब्बू उर्फ काना के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत 10 मई को सीआईए को सूचना मिली थी कि रोहित उर्फ कालिया निवासी मोहल्ला भजन का बाग के पास अवैध हथियार है तथा अपने घर के बहार खड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस ने आरोपी को 1 अवैध देशी पिस्टल व 3 जिन्दा रोंद के साथ काबू कर लिया। पूछताछ में आरोपी रोहित उर्फ कालिया ने बताया कि उसे यह अवैध हथियार जिला चरखी दादरी के गांव बोंद खुर्द निवासी संदीप उर्फ डब्बू उर्फ काना ने उपलब्ध कराया था। पुलिस ने बुधवार मामले में संलिप्त आरोपी संदीप उर्फ डब्बू उर्फ काना को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए एक दिन के रिमांड पर लिया है।



**रेवाड़ी।** पुलिस गिरफ्त में आरोपी संदीप उर्फ डब्बू उर्फ काना। फोटो :हरिभूमि

### हीटवेव के प्रकोप ने लोगों को जमकर किया परेशान, दो दिन बाद मामूली राहत की उम्मीद

# ठंडे नहीं पड़ रहे मौसम के तेवर, गर्मी का रेड अलर्ट जारी

■ कूलर भी भारी गर्मी के कारण गर्म हवा फेंक रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जून माह का पहला सप्ताह ठंडा बीतने के बाद मौसम के तेवर उग्र रूप धारण कर चुके हैं। तापमान 45 डिग्री के आसपास चल रहा है। पांच दिनों से गर्मी का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। गर्मी के साथ बिजली की खपत एक करोड़ यूनिट का आंकड़ा छूने को तैयार है। पावर कटों का सिलसिला शुरू हो गया है। दो दिन बाद तापमान में मामूली गिरावट आने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विभाग ने एनसीआर में 13 जून तक गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया हुआ है। चार दिनों से तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। वीरवार को अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 45.0 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। न्यूनतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गर्मी का प्रकोप इस कदर बढ़ा हुआ है कि सुबह 10 बजे के बाद लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल बन जाता है। दोपहर के समय सड़क से लेकर बाजार तक सूने हो जाते हैं। लू का भारी प्रकोप बना हुआ है। तापमान सामान्य से 2 डिग्री सेल्सियस ज्यादा बना हुआ है। लोगों का गर्मी में बुरा हाल हो रहा है। कूलर भी भारी गर्मी के कारण गर्म हवा फेंक रहे हैं। मौसम विभाग की ओर से एनसीआर में 13 जून तक भारी गर्मी के कारण रेड अलर्ट जारी किया हुआ है। इस दौरान लोगों को गर्मी से बचाव के प्रति सतर्क रहना होगा। मौसम विभाग के अनुसार 14 जून तक गर्मी से राहत की संभावन नहीं है। इसके बाद तापमान में मामूली गिरावट आ सकती है। आने वाले सप्ताह में आसमान में बादल छाने और हल्की बूंदाबांदी होने से तापमान में कमी आ सकती है।



**रेवाड़ी।** एक खेत में फव्वारों से की जा रही सिंचाई। फोटो :हरिभूमि

#### एक करोड़ यूनिट के पास पहुंची खपत

भारी गर्मी के कारण बिजली की खपत भी बढ़कर 1 करोड़ यूनिट के पास पहुंच गई है। बीते बुधवार को बिजली की खपत 95.26 लाख यूनिट रही, जो इस सीजन में सर्वाधिक है। वीरवार की खपत और बढ़ सकती है। भारी गर्मी के बावजूद बिजली सिस्टम पर अभी कोई खतरा पैदा नहीं हुआ है। एचवीपीएन के एक्सईएन संजय यादव ने बिजली का लोड बढ़ने पर सभी सब स्टेशनों के अभियंताओं की मीटिंग बुलाकर समीक्षा की। उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि ट्रांसफार्मर गर्म होने की स्थिति में कूलरों का इस्तेमाल किया जाए, ताकि ट्रांसफार्मरों को डैमेज होने से बचाया जा सके।

#### फसलों को बचाने के लिए सिंचाई जरूरी

कृषि विशेषज्ञ डा. दीपक यादव ने बताया कि बाजरा और कपास की बिजाई कर चुके किसानों को भारी गर्मी में फसल बचाने के लिए नियमिज रूप से सिंचाई करनी चाहिए। बाजरे की फसल सिंचाई के अभाव में खराब हो सकती है। किसान फव्वारा सिस्टम से फसलों की सिंचाई कर रहे हैं। बिजली की खपत बढ़ने से पावर कट भी लगने शुरू हो गए हैं। अलग-अलग फीडरों में आधे से एक घंटे तक के कट लगाए जा रहे हैं। शहरी क्षेत्र में बिजली की ओवरलोडिंग के कारण लोगों को बार-बार कटों का सामना करना पड़ रहा है।






चाइल्ड आर्टिस्ट्स

हर बच्चे को अपने पापा से बहुत प्यार होता है। बच्चों के लिए उनके पापा किसी सुपर हीरो से कम नहीं होते। फादर्स-डे के मौके पर कुछ टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स बता रहे हैं कि किन खूबियों की वजह से वे अपने पापा को दुनिया का बेस्ट पापा मानते हैं। साथ ही ये चाइल्ड आर्टिस्ट्स यह भी बता रहे हैं कि इस बार फादर्स-डे कैसे सेलिब्रेट करेंगे।

# माय पापा इज द बेस्ट

## पापा की सबसे बड़ी खासियत है उनका पेशेंस और पॉजिटिव एटिट्यूड: आर्यन प्रजापति




**आर्यन प्रजापति** एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन-पलटन' में ऋतिक का रोल प्ले कर रहा है, जो दर्शकों को खूब भा रहा है। इस बार फादर्स-डे पर उसकी क्या प्लानिंग है, हंसते हुए बताता है, 'मैं एक कार्ड बना रहा हूं, जिसमें मैं पापा के लिए अपनी फीलिंग्स लिखूंगा। साथ ही मैं उनका फेवरेट केक भी लाऊंगा। हम सब मिलकर घर पर छोटा सा सेलिब्रेशन करेंगे। पापा को क्रिकेट बहुत पसंद है, तो मैंने सोचा है कि हम दोनों मिलकर पास के मैदान में क्रिकेट खेल कर थोड़ा टाइम स्पेंड करेंगे। इस फादर्स-डे में अपने पापा को यह जताना चाहता हूं कि वो मेरे लिए बहुत स्पेशल हैं।' पापा की वो बात जो आर्यन के लिए जिंदगी भर के लिए सबक है, वह बताता है, 'मेरे पापा अक्सर कहते हैं कि जब हम अपना काम पूरी मेहनत, ईमानदारी से करते हैं तो सफलता निश्चित ही मिलती है।' आर्यन के लिए उसके पापा दुनिया के बेस्ट पापा हैं। वह कहता है, 'मेरे पापा की सबसे बड़ी खासियत है उनका पेशेंस और पॉजिटिव एटिट्यूड। चाहे कितनी भी बड़ी टेंशन हो, वो हमेशा शांत रहते हैं। बहुत ही सुलझे तरीके से सिचुएशन को हैंडल करते हैं। वो ना सिर्फ एक अच्छे पापा हैं, मेरे बेस्ट फ्रेंड और मेंटर भी हैं। मेरे पापा दुनिया के बेस्ट पापा हैं।' *

## पापा बहुत हार्डवर्किंग हैं आरिया सकारिया



**सोनी सब** के शो 'तेनाली रामा' में लछमा का रोल कर रही आरिया सकारिया फादर्स-डे को लेकर काफी उत्साहित है। इस बार फादर्स-डे पर उसकी क्या प्लानिंग है, आरिया बताती है, 'इस दिन मैं अपने पापा को लेकर बाहर घूमने जाऊंगी। हम बाहर ही ब्रेकफास्ट करेंगे, शॉपिंग करेंगे और मूवी देखेंगे।' पापा की कोई ऐसी बात, जो आरिया के लिए जिंदगी भर का एक सबक बन गई हो, यह पूछने पर वह बताती है, 'मेरे डैड ने मुझे सिखाया है कि लाइफ में कोई भी प्रॉब्लम आ जाए, कभी हार मत मानना, क्योंकि कोई भी ऐसी प्रॉब्लम नहीं है, जिसका सॉल्यूशन न हो। पापा की यह बात मेरी जिंदगी का बहुत बड़ा सबक है, जिसे मैं हमेशा याद रखूंगी।' आरिया की नजर में उसके पापा की वह क्वालिटी, जो उन्हें बेस्ट पापा बनाती है, वह बताती है, 'मेरे डैड की सबसे अच्छी क्वालिटी यह है कि वो मेरी मॉम की बहुत रेस्पेक्ट करते हैं। वह हर काम में मां की हेल्प करते हैं। मेरे पापा बहुत हार्ड वर्किंग हैं। चाहे जितना भी थक गए हों, वो हमारे साथ जरूर टाइम स्पेंड करते हैं! इन्हीं वजहों से मेरे पापा दुनिया के बेस्ट पापा हैं।' *

## पापा ने दी है सीख कभी गिव-अप नहीं करना, चाहे जो भी हो जाए : अहनाफ खत्री



**जी टीवी** के शो 'कुमकुम भाग्य' में कीर्तन की भूमिका निभा रहा अहनाफ खत्री के लिए, उसके पापा उसकी लाइफ में सबसे इंपॉर्टेंट हैं। वह कहता है, 'मुझे अपने पापा से बहुत प्यार है, वो मेरे लिए खुद से भी ज्यादा इंपॉर्टेंट हैं।' अहनाफ ने इस बार फादर्स-डे पर क्या कुछ खास प्लान कर रखा है, वह बताता है,'अबकी मैं फादर्स-डे बहुत स्पेशल तरीके से सेलिब्रेट करूंगा। मैं अपने पापा के साथ घूमने जाऊंगा। हमारा साथ कोई और नहीं होगा, सिर्फ मैं और मेरे पापा होंगे। मेरे पापा को नाइनटीज के गाने बहुत पसंद हैं। इसलिए मैंने पापा के लिए एक स्पीकर मंगवा लिया है। यह फादर्स-डे पर मेरी तरफ से पापा के लिए सरप्राइज गिफ्ट होगा।' अहनाफ से यह पूछने पर कि वह अपने पापा की कोई ऐसी क्वालिटी बताए, जो उन्हें वर्ल्ड का बेस्ट पापा बनाती है, वह तुरंत जवाब देता है, 'कोई एक क्वालिटी नहीं, पापा की सारी क्वालिटीज उन्हें वर्ल्ड्स बेस्ट पापा बनाती हैं।' अहनाफ के लिए पापा की बताई कौन-सी बात उसके लिए बहुत बड़ा सबक है, वह बताता है, 'मेरे पापा मुझसे हमेशा कहते हैं- 'ट्राय ट्राय टिल यू सक्सीड और कभी गिव-अप नहीं करना, चाहे जो भी हो जाए। मुझे उनकी ये बात हमेशा याद रहेगी।' *



## वह मेरे आइडियल, मेरे बेस्ट फ्रेंड हैं: उर्वा सावलिया



**उर्वा सावलिया** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के पीरियड ड्रामा 'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान' में पृथ्वीराज चौहान के बचपन का रोल निभा रहा है। उर्वा की इस बार फादर्स डे पर क्या प्लानिंग है, इस सवाल पर वह जवाब देता है, 'इस बार फादर्स-डे पर मैंने अपनी मम्मी के साथ मिलकर अपने पापा के लिए एक खास सरप्राइज प्लान किया है, लेकिन इसे अभी बताऊंगा नहीं, बता दिया तो सरप्राइज कैसा!' उर्वा अपने पापा की वो क्वालिटी बताता है, जो उन्हें वर्ल्ड्स बेस्ट पापा बनाती हैं। वह कहता है, 'मेरे पापा हमेशा से मेरे लिए हीरो रहे हैं। उनके मार्गदर्शन ने मुझे हर मुश्किल घड़ी में रास्ता दिखाया और एक ताकत दी है। मेरे पापा ना सिर्फ मेरे आइडियल हैं, बल्कि मेरे बेस्ट फ्रेंड भी हैं। मुझे उनकी सादगी सबसे ज्यादा पसंद है। उसी सादगी और संयम को मैं भी अपनाना चाहता हूं। मेरे पापा मेरे लिए एक पावर हाउस की तरह हैं।' *



प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स

फीलिंग्स / मोनिका शर्मा

# पापा को दो प्यार भरा सरप्राइज

बच्चो, हर साल की तरह इस बार भी तुमने जरूर फादर्स-डे सेलिब्रेशन की प्लानिंग की होगी। इस प्लानिंग के साथ तुम कुछ अलग तरीके से फादर्स-डे सेलिब्रेट कर अपने लविंग पापा को सरप्राइज कर सकते हो। कैसे, जानो।




बच्चो, तुम्हारे हर स्पेशल दिन पर सरप्राइज देने वाले पापा को फादर्स-डे पर तुम भी सरप्राइज दे सकते हो। पापा के दिल को छू जाने वाला कुछ करके, तुमको भी बहुत खुशी मिलेगी। पापा के लिए तो यह सदा के लिए एक यादगार दिन बन जाएगा। इस बार फादर्स-डे पर पापा को हैप्पी और डिलाइटफुल, आश्चर्य में डालने वाले प्यारे काम करना ना भूलना।

**प्यारा वीडियो मैसेजः** पापा तुमको सुपरहीरो लगते हैं या लविंग-केयरिंग डैडी। साथ मस्ती करने वाले दोस्त जैसे लगते हैं या सलाह देने वाले गाइड। रोल मॉडल हैं या सहज प्यारे से पर्सन। वीडियो में खुलकर हंसते-मुस्कुराते हुए अपने पापा के लिए सब कुछ कह डालो। फादर्स-डे के खास दिन पर विश करते हुए अपने मन की बातें कहने वाला वीडियो पापा को सचमुच स्पेशल फील करवाएगा। अपनी सी बातों को समेटते हुए यूनीक सा वीडियो मैसेज बनाने का आइडिया कमाल कर जाएगा। फादर्स-डे को अलग अंदाज में सेलिब्रेट करने का अंदाज पापा को खूब खुशी देगा।



**लिखो दिल छूने वाला पत्रः** पेंसिल पकड़ने से लेकर अच्छे से पढ़ने-लिखने तक, तुम्हारी सीखने-समझने की जर्नी का हर दिन पापा के लिए भी बहुत खास होता है। इसीलिए तुम्हारी अपनी हैंडराइटिंग में लिखे लेटर का हर अक्षर पापा के लिए अनमोल होगा। साथ ही तुम्हारी लिखी बातें सदा के लिए एक सहेजने वाला गिफ्ट बन जाएंगी। इस बार डैडी के लिए प्यार, रेस्पेक्ट और प्यारी-प्यारी मेमोरीज को पत्र में लिख डालो। अपने लिखे पत्र में इमोशंस को प्रेजेंट करने के लिए इमोजी भी बनाओ। चुपचाप पापा की अलमारी या तकिए के नीचे अपना पत्र रख दो। इस तरह लिखी गई बातों को पढ़ कर पापा के चेहरे पर मुस्कान आ जाएगी।

**आर्टिस्टिक एक्सप्रेशनः** तुम्हारे रंग-बिरंगे चित्र और आड़ी-तिरछी रेखाएं पापा को खूब भाती हैं। इस बार अपने हाथ से सुंदर सा फादर्स-डे कार्ड, पेंटिंग या एक आर्टिस्टिक पीस बनाकर पापा को देना मत भूलना। अपने बनाए आर्ट पीस को सुंदर स्टिकर से सजाकर प्यारा सा मैसेज भी दे सकते हो। कार्ड पर अपने हाथ से बनाई सिंपल पेंटिंग भी बना सकते हो। कोई भी आर्टवर्क डैडी के लिए एक परफेक्ट होममेड गिफ्ट होगा, अफेक्शन से भरा अट्रैक्टिव उपहार। बच्चो, पापा ऐसी बातों को खुलकर बताते नहीं हैं पर तुम्हारा बनाया आर्ट-क्राफ्ट पापा के लिए प्यार जताने का सबसे सुंदर तरीका है। इसे जब भी पापा देखेंगे, उनके चेहरे पर स्माइल आ जाएगी। *

## जीके क्विज-157

1. हाल ही में चर्चा में रहे डी. गुकेश का संबंध किस खेल से है?
2. 51वां जी 7 शिखर सम्मेलन किस देश में आयोजित किया जाएगा?
3. संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र का अध्यक्ष किसे चुना गया है?
4. स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान 'दिल्ली चलो' का नारा किसने दिया था?
5. हीराकुंड बांध किस राज्य में स्थित है?
6. सर्वप्रथम किस विदेशी यात्री ने भारत की यात्रा की थी?
7. कनाडा की राजधानी कहां है?
8. रतौंधी रोग किस विटामिन की कमी से होता है?
9. विश्व की सबसे गहरी झील कौन-सी है?
10. मानव शरीर का कौन-सा अंग खून साफ करने का काम करता है?



बच्चो, जीके क्विज-157 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-156 का उत्तरः** 1.ओपल सुचाता चुआंगसरी, 2.रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, 3.शुभमन गिल, 4.वी. एस. रामादेवी, 5. 21 जून, 6.मौलाना अबुल कलाम आजाद, 7.गोवा, 8.जापान, 9.वेलिंगटन, 10.क्लोरोफ्लोरोकार्बन

**जीके क्विज-156 का सही उत्तर देने वालेः** निलेश-जांजगीर, मुकेश-बिलासपुर, सौम्या-रायगढ़, कबीर-हिसार, सौरभ-बिलासपुर, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, आशीष-भोपाल

## हंसगुल्ले

**पापाः** लड़के को अंग्रेजी में 'ही' कहते हैं, तो कई लड़कों को अंग्रेजी में क्या कहेंगे?
**सोनू (कुछ देर सोचने के बाद):** पापा, जितने लड़के होंगे, उतने 'ही ही ही' कहेंगे।
-गोपी, बिलासपुर

**एक यात्री रेलगाड़ी से उतरा। उसने स्टेशन पर खड़े रिंकू से पूछाः** यह कौन-सा स्टेशन है?
**रिंकूः** अंकल, यह रेलवे स्टेशन है।
राशि, रायपुर




**चुन्नू बर्फ का टुकड़ा उठा कर उसे घूरे जा रहा था...**
**पापा ने पूछाः** क्या देख रहे हो?
**चुन्नूः** देख रहा हूं कि यह लीक कहां से हो रहा है?
-कोकिला, रोहतक

कहानी / हरीश कुमार 'अमित'



# कितने अच्छे पापा!

विपुल को यही लग रहा था कि सोसाइटी में होने वाले शतरंज का फाइनल मैच हार जाएगा, जबकि वह कई बार फाइनल मैच जीत कर शतरंज बालश्री का पुरस्कार पा चुका था। इधर दो बार से वह फाइनल मैच में हार जा रहा था। लेकिन पापा ने उसकी जीत के लिए उसका आत्मविश्वास बढ़ाने की कोशिश की। क्या इसके बाद विपुल फाइनल मैच में विजयी हुआ?



शनिवार की सुबह थी। विपुल बहुत बेचैन था। उसकी बेचैनी का कारण जून महीने की गर्मी नहीं थी। वह इसलिए बेचैन था, क्योंकि अगले दिन इतवार को उसका शतरंज का फाइनल मैच था। उसे डर लग रहा था कि कहीं पिछली दो बार की तरह इस बार भी वह फाइनल मैच में हार न जाए।

विपुल जिस हाउसिंग सोसाइटी में रहता है, उसमें बहुत सारे फ्लैट हैं। उस सोसाइटी में हर वर्ष जून और दिसंबर की स्कूल की छुट्टियों में बच्चों के लिए खेल-कूद की अनेक प्रतियोगिताएं होती हैं। विपुल शतरंज की प्रतियोगिता में भाग लेता है। वह फाइनल में जीतकर शतरंज बालश्री का पुरस्कार कई बार पा चुका है। लेकिन पिछले साल जून और दिसंबर में हुई शतरंज प्रतियोगिता में जीतते-जीतते वह फाइनल तक तो पहुंच गया था, पर फाइनल मैच में हार गया था। इसलिए उसे डर सता रहा था कि वह कहीं इस बार भी हार न जाए। वह इसी सोच में गुमसुम-सा बैठा था। तभी विपुल के पापा उसके पास आए और बोले,'बेटा, आज तो मेरे ऑफिस की छुट्टी है। चलो, शतरंज खेलते हैं।'

विपुल के पापा शतरंज के बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। उन्होंने शतरंज की कई बड़ी प्रतियोगिताओं में बहुत से पुरस्कार जीते हैं। विपुल आज तक पापा से शतरंज में जीत नहीं पाया है। पापा के साथ खेलते हुए उसे लग रहा था कि वह आज भी हार जाएगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। कुछ देर बाद वह जीत गया और पापा हार गए।

विपुल की खुशी का कोई ठिकाना नहीं था, क्योंकि वह पहली बार पापा से जीता था। तभी पापा बोले, 'आओ, एक बाजी और खेलते हैं।' इस बार तो विपुल को पूरी उम्मीद थी कि वह हार जाएगा, लेकिन इस बार भी वह जीत गया। उस दिन शाम तक विपुल ने पापा के साथ शतरंज की आठ बाजियां खेलीं और सभी में वह जीत गया। यह देख पापा विपुल से बोले, 'बेटा, अगर तुम मुझे हरा सकते हो तो फिर कल के मैच में एक बच्चे को क्यों नहीं हरा सकते?'

विपुल को अब अपने आप पर विश्वास हुआ कि वह कल का मैच जीत सकता है।

अगले दिन जब शतरंज का फाइनल मैच शुरू हुआ तो विपुल के पापा भी मैच देखने गए। पापा को अपने आस-पास पाकर विपुल पूरे आत्मविश्वास से खेलने लगा और दूसरे बच्चे को हराकर जीत भी गया। दोपहर बाद प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित हुए और विपुल को शतरंज बालश्री पुरस्कार प्रदान किया गया। घर आते हुए खुशी के मारे उसके पांव जमीन पर नहीं पड़ रहे थे।

शाम को पापा को बस से भोपाल के लिए निकलना था। लगभग बारह घंटे की बस यात्रा थी। अगले दिन सुबह से वहां उनकी एक हफ्ते की सरकारी ट्रेनिंग थी। खाना खाते हुए विपुल ने पूछा, 'पापा, आप वापस कब आएंगे?'

'इतवार सुबह की राजधानी ट्रेन से आऊंगा। इस ट्रेन में तो सात घंटे ही लगेंगे। दोपहर बाद तक घर पहुंच जाऊंगा।' पापा ने जवाब दिया। यह सुनकर विपुल बोला,'पापा, आप राजधानी से वापस आएंगे तो फिर राजधानी से ही क्यों नहीं गए? बस से तो टाइम भी ज्यादा लगेगा और बस में गर्मी और भीड़-भाड़ भी होगी। आप ठीक तरह से सो भी नहीं पाएंगे। कल सुबह भोपाल पहुंचेंगे तो बिना आराम किए आपको ट्रेनिंग के लिए जाना होगा।'

'हां, यह तो है।' पापा बहुत आहिस्ता से बोले।

'पापा, आप आज दिन में राजधानी से जाते तो आराम से एसी ट्रेन का सफर करते और रात को ठीक तरह से सो भी पाते।' विपुल की इस बात का पापा ने कोई जवाब नहीं दिया और चुपचाप खाना खाते रहे।

तभी मम्मी बोलीं, 'बेटा, तुम्हारे पापा आज सुबह इसलिए ट्रेन से नहीं गए ताकि वे मैच जीतने के लिए तुम्हारा हौसला बढ़ा सकें।'

यह सुनकर विपुल बहुत भावुक हो उठा, बोला, 'पापा, आप मेरे लिए इतना कष्ट सहकर जाएंगे भोपाल, जबकि आप बड़े आराम से ट्रेन से जा सकते थे।' मम्मी फिर बोलीं, 'और यह जो कल तुमने अपने पापा को आठ बार हराया है न, यह भी कोई अपने-आप नहीं हो गया। तुम्हारे पापा शतरंज के इतने अच्छे खिलाड़ी हैं कि बड़े-बड़े खिलाड़ी इनसे नहीं जीत पाते, लेकिन तुम इनसे कैसे जीत गए, वह भी एक ही दिन में लगातार आठ बार! सोचा क्या तुमने?'

मम्मी की बात सुनकर विपुल सोच में पड़ गया। मम्मी आगे बोलीं, 'बेटा, यह भी तुम्हारे पापा की ही सोची-समझी तरकीब थी। ये जानबूझकर तुम से आठ बार हारे थे ताकि तुम्हारा आत्मविश्वास लौट आए और तुम आज का फाइनल मैच जीत सको।'

मम्मी की बात सुनकर विपुल उठा और पापा के गले लगकर बोला, 'पापा, आप कितने अच्छे हैं..!'

पापा भी प्यार से उसके सिर पर हाथ फेरने लगे। *

कविता / देवी प्रसाद गौड़

# मेरे फौजी पापा



सदा फूल से खिलते पापा,
हंसते-हंसते घर में आते।
कहां छुपी है परी हमारी,
सबसे पहले मुझे बुलाते।।
जब भी पापा घर में आते,
तरह-तरह की टॉफी लाते।
मधुर मंद मुस्काते जाते,
एक-एक कर मुझे दिखाते।।
टॉफी देख पंख लग जाते,
मैं घर में उड़ने लग जाती।
पापा के कंधे पर बैठी,
भैया से लड़ने लग जाती।।
सर चढ़ी लाड़ली पापा की,
मां, मुझको आंख दिखाती है।
कभी प्यार से कभी झगड़ कर,
भैया का हिस्सा खाती है।।
पापा कहते सब बच्चों में,
बिटिया लगती मुझको प्यारी।
बहुत गर्व है मुझको इस पर,
इसकी बातें सबसे न्यारी।।
रोज सबेरे मुझसे कहती,
पापा मेरी गुल्लक खुलवाओ।
उसमें पैसे और मिलाकर
अच्छी सी बंदूक मंगाओ।।
सुबह-शाम टीवी पर सुनती,
सिंदूरी मान बढ़ाऊंगी।
फौजी पापा की बेटी हूं,
सीमा पर लड़ने जाऊंगी।।
बहुत खुशी है मुझको बिटिया,
सपना साकार कराऊंगा।
अभी बड़ी हो जाओ लाड़ो,
तुमको कप्तान बनाऊंगा।।

## रंग भरो-177

**रंग भरो-177** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




श्याम, धमतरी


वसनि, रायपुर


सानवी, अंबिकापुर


रितेश, मटियारी


मिष्ठी, महासमुंद


डिंपल, दुर्ग

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

आस्तिका-चांपा, आतिया-बहादुरगढ़, अंकित-धमतरी, अथर्व-बिलासपुर, डॉली-दुर्ग, पलक-अटेली मंडी, रुपाली-दिल्ली, ट्विंकल-महेंद्रगढ़, कविता-कटनी, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, ज्योति-कोरबा

## रंग भरो 178

बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में भाई-बहन फादर्स डे सेलिब्रेट कर रहे हैं। इस प्यारे से चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



तुम्हारे लिए किताब / सुधा श्रीवास्तव

# जीवन पथ-प्रदर्शित करती कहानियां




फादर्स-डे के आस-पास पापा से जुड़ी कोई कहानी मिल जाए तो तुम झटपट पढ़ डालोगे। असल में हर बच्चा अपने पापा से भावनात्मक रूप से बहुत जुड़ा होता है। पापा की सीखें, जीवन में पथ-प्रदर्शक का काम करती हैं, बाधाओं को दूर करती हैं, खुशियों से भरती हैं। इंदिरा त्रिवेदी का कहानी संग्रह 'पापा ने सही कहा था' की शीर्षक कहानी पढ़ते समय यही महसूस होता है। कहानी में मिनी परीक्षा नहीं देना चाहती है, क्योंकि उसने सही ढंग से तैयारी नहीं की है। लेकिन उसके पापा प्यार से समझाते हैं, 'तो क्या हुआ बेटा, क्लास में तुमने जो कुछ भी सुना-समझा हो, जो भी जानकारी हो, परीक्षा में आए प्रश्नों के उत्तर अपनी भाषा में लिख देना।' पापा को विश्वास है, मिनी होशियार है, प्रश्नों के उत्तर सही ढंग से लिखेगी और अच्छे अंक लाएगी। होता भी यही है। मिनी को समझ में आ जाता है कि बड़े लोग अपने जीवन अनुभव के आधार पर जो कहते हैं, सही कहते हैं। यह भी सही है कि कोशिश करने वाले असफल नहीं होते। इस संग्रह में कुल बारह कहानियां हैं। इन कहानियों में पैरेंट्स, बच्चों को जीवन की जरूरी सीख ही नहीं देते, उन्हें संस्कारवान भी बनाते हैं। संग्रह की कहानियां पढ़ते समय बच्चो, तुम्हें लगेगा, ये तुम्हारे आस-पास की अपनी कहानियां हैं। *

***किताब** : पापा ने सही कहा था, **लेखिका** : इंदिरा त्रिवेदी, **मूल्यः** 200 रुपए, **प्रकाशक** : भव्या पब्लिकेशन, भोपाल*

## सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहेगी जिला स्तरीय प्रदर्शनी

# केंद्र सरकार के '11 साल विकसित भारत' की अमृत काल थीम पर प्रदर्शनी लगाई, लोगों को देंगे जानकारी

- पूर्व मंत्री बिशंबर वाल्मीकि सहित बावल व रेवाड़ी के विधायक ने लघु सचिवालय में किया तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी





रेवाड़ी। जिला स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन करते पूर्व मंत्री बिशंबर वाल्मीकि व अन्य तथा लघु सचिवालय परिसर में प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथि।

केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की ओर से वीरवार को लघु सचिवालय में विकसित भारत के अमृत काल के तहत सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण को समर्पित जिला स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 साल में जनसेवा को समर्पित की गई योजनाओं व नीतियों की जानकारी देखने को मिली।

तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन पूर्व मंत्री बिशंबर वाल्मीकि ने बावल से विधायक डा. कृष्ण कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष डा.वंदना पोपली व पूर्व मंत्री डा. बनवारी लाल की उपस्थिति में किया।

इस मौके पर डीसी अभिषेक मीणा सहित अन्य अधिकारी व गणमान्य लोग भी मौजूद थे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री बिशंबर वाल्मीकि ने कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से जिले के लोगों को केंद्र सरकार की 11 साल की विकासात्मक गतिविधियों से जागरूक किया जा रहा है। साथ ही आमजन को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार की नीतियों का क्रियांवयन प्रभावी ढंग से कराया जा रहा है, जिससे आमजन को सीधे तौर पर लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गरीबों की सेवा, वंचितों का सम्मान, किसानों का कल्याण सुनिश्चित करने, नारी शक्ति के लिए नई गति प्रदान करने, मध्यम वर्ग का जीवन आसान करने, भारत की अमृत पीढ़ी को सशक्त बनाने, सस्ती व सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने, राष्ट्र प्रथम की अवधारणा के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति को लागू करने, व्यापार सुगमत, भारत एक वैश्विक आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभारने सहित प्रगति पथ पर बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करने के साथ-साथ पर्यावरण एवं सतत विकास की दिशा में सशक्त भारत का निर्माण करने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई गई है।

डीआईपीआरओ दिनेश कुमार ने बताया कि सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के आयुक्त एवं सचिव डा. अमित कुमार अग्रवाल व महानिदेशक के.एम.पांडुरंग के दिशा निर्देशों की अनुपालना में तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रदर्शनी लगाई गई है।

इस प्रदर्शनी को उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को केंद्र सरकार की 11 साल की उपलब्धियों व योजनाओं की जानकारी सांझा करना है। उन्होंने आमजन से 14 जून तक चलने वाली प्रदर्शनी में पहुंचने का आह्वान किया है।





रेवाड़ी। भाड़ावास रोड पर नवनिर्मित रेलवे ओवरब्रिज। फोटो : हरिभूमि

# नवनिर्मित ओवरब्रिज के पास समस्याओं का अंबार

## सर्विस रोड की कम जगह से ज्यादा परेशानी

- आगामी 15 जून को मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन, लोगों ने की समस्याओं के समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 15 जून को शहर के भाड़ावास रोड स्थित रेलवे फाटक पर नवनिर्मित ओवरब्रिज का उद्घाटन करेंगे, लेकिन अभी भी ओवरब्रिज के आसपास समस्याओं का भी अंबार लगा हुआ है, जिससे आसपास के कॉलोनी वासी परेशान है। ओवरब्रिज के पास सबसे बड़ी समस्या सर्विस रोड की है। ओवरब्रिज के दोनों ओर मात्र 5 से 7 फीट का सर्विस रोड ही बचा है। एसएसआरडीसी की ओर से सर्विस रोड को चोड़ा करने के लिए 13 करोड़ 80 लाख रुपये मुआवजे का एस्टिमेट बनाकर सरकार को भेजा हुआ है। वार्ड पार्षद भूपेन्द्र कुमार ने नागरिकों के साथ विधायक लक्ष्मण सिंह को ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की है। नगर पार्षद ने कहा कि ओवरब्रिज कंपनी बाग की तरफ से शुरू होकर न्यू आदर्श की ओर रिहायशी कॉलोनी तक है, जिसमें दोनों तरफ ब्रेकर का निर्माण होना चाहिए।

न्यू आदर्श नगर से शुरू हुए ओवरब्रिज के पास टेंडर लेने वाली कंपनी ने नाला तोड़ दिया था, जिससे वहां गंदा पानी जमा है। कंपनी ने करीब 100 मीटर आगे तक डिवाइडर तोड़ा हुआ है, जिसका निर्माण कार्य शीघ्र होना चाहिए। ओवरब्रिज निर्माण कार्य के समय अनाज मंडी की तरफ काफी मात्रा में रेत के ढेर लगे हुए हैं, जिससे अनाज मंडी के लोग काफी परेशान है।

## खबर संक्षेप

### कार में रखकर शराब बेचते एक गिरफ्तार

**डहीना।** थाना खोल पुलिस ने बुड़ौली में कार में शराब रखकर बेच रहे एक व्यक्ति को शराब सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि बुड़ौली निवासी कपिल अपने गांव की फिरनी में डस्टर कार में शराब लेकर खड़ा है। वह वहां शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम गांव की फिरनी में पहुंच गई। वहां डस्टर कार के पास खड़े युवक ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया, परंतु पुलिस ने उसे काबू कर लिया। पूछताछ करने पर उसने नाम कपिल बताया। कार से 8 पेटी देशी शराब बरामद हुई। कपिल शराब का परमिट पेश नहीं कर पाया। पुलिस ने शराब और कब्जे में ले ली है।

### किसानों को दी नवीनतम तकनीक की जानकारी

**रेवाड़ी।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के कृषि वैज्ञानिकों की ओर से विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों, जल संरक्षण उपायों और केंद्र व राज्य सरकार की ओर चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. कपूर सिंह ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि किसानों तक कृषि की विकसित तकनीकों व सरकारी योजनाओं की सही जानकारी पहुंचे ताकि वे उनका लाभ लेकर अपनी आमदनी बढ़ा सकें।

### अहमदाबाद विमान हादसे की जांच कराने की मांग

**रेवाड़ी।** अहमदाबाद में हुए दर्दनाक विमान हादसे ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस दुखद घटना पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेन्द्र छाबड़ा ने गहरा शोक व्यक्त किया है।



छाबड़ा ने कहा कि यह हादसा अत्यंत पीड़ादायक है। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके दुख को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना की। ऐसे हादसों की समय रहते जांच होनी चाहिए।

### आज जनसुनवाई करेंगे विधायक अनिल यादव

**कोसली।** कोसली के विधायक अनिल यादव 13 जून को सुबह 10 बजे रेलवे स्टेशन आरओबी के चल रहे पुनर्निमाण कार्य का निरीक्षण करेंगे। उनके साथ अधिकारियों की टीम भी मौके पर मौजूद रहेगी। पुल टूटने के बाद विगत डेढ़ साल से इसे फिर से बनाने का काम किया जा रहा है। विधायक के साथ कोसली के एसडीएम व लोकनिर्माण विभाग की टीम मौजूद रहेगी।

### आधार कार्ड बनाने के लिए 25 से लगेगा कैंप

**रेवाड़ी।** मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित वर्मा ने बताया कि आगामी 25 जून से जिले के एडीआर सेंटर में निराश्रित बच्चों के लिए नए आधार कार्ड बनाने तथा उनमें त्रुटि सुधार के लिए कैंप लगाया जाएगा। सीजेएम वर्मा ने आमजन से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर आधार कार्ड कैंप का फायदा उठाने की अपील की है।

# सीएम की रैली 15 को, रेवाड़ी को देंगे करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं की सौगात

- विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने मुख्यमंत्री की धन्यवाद रैली को लेकर दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि 15 जून को सुबह 9 बजे प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी दिल्ली रोड स्थित राव तुलाराम स्टेडियम में धन्यवाद रैली-उद्घाटन एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित करेंगे। समारोह में मुख्यमंत्री रेवाड़ी को करीब 250 करोड़ से अधिक विकास योजनाओं की सौगात देंगे। विधायक लक्ष्मण सिंह वीरवार को शहर के सैंडपाइपर टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स में आयोजित पत्रकार वार्ता में जिला वासियों को रैली का निमंत्रण दे रहे थे। उन्होंने कहा कि रैली रेवाड़ी के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगी। इस रैली में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव, राजस्थान अलवर से विधायक बाबा बालकनाथ तथा स्थानीय विधायकों के अलावा शीर्ष नेतागण शामिल होंगे। उन्होंने कहा की रैली के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष क्षेत्र की अनेक बड़ी मांगों को भी प्रमुखता के साथ रखा जाएगा तथा उनकी घोषणा भी मुख्यमंत्री से कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री की रैली को लेकर क्षेत्र की जनता में भारी उत्साह बना हुआ है। प्रशासन की ओर से समारोह के भव्य आयोजन को लेकर पूरी तैयारियां कर ली गई हैं।



रेवाड़ी। पत्रकार वार्ता करते हुए विधायक लक्ष्मण सिंह।

# कंपनी की नौकरी छोड़ने के बाद लापता हुआ युवक

हरिभूमि न्यूज. बावल

गढ़ी बोलनी रोड पर एक कंपनी में काम करने वाला युवक नौकरी छोड़ने के बाद लापता हो गया। कसोला पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद युवक की तलाश शुरू कर दी। पुलिस शिकायत में यूपी के नगला ग्यासी निवासी लालसिंह ने बताया कि उसके छोट भाई विजय का लड़का 22 वर्षीय नितेश कुमार गढ़ी बोलनी रोड पर एक कंपनी में नौकरी करता था। गत 14 मई को उसे सूचना मिली थी नितेश कंपनी से नौकरी छोड़कर चला गया है। वह उसी दिन रात के समय वह अपना सारा सामान लेकर कमरे से चला गया। इसके बाद वह घर नहीं पहुंचा। उसके पास मोबाइल फोन भी नहीं है, जिस कारण उससे संपर्क नहीं हो पा रहा है।

### मंदोला से बीएमएस का छात्र गायब

**डहीना।** मंदोला गांव एक बीएएमस का छात्र घर से लापता हो गया। थाना खोल पुलिस को दर्ज शिकायत में सत्यवीर ने बताया कि उसका बेटा 23 वर्षीय निखिल दादरी कॉलेज से बीएएमएस कर रहा है। मार्च माह में वह अपने घर आया हुआ था। घर से 11 अप्रैल को बिना बताए वह कहीं चला गया। इसके बाद उसे तलाश करने के भरसक प्रयास किए, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद युवक की तलाश शुरू कर दी।

## न्यूज डायरी

### शांति यादव अस्पताल में कैंसर जांच शिविर आज

**रेवाड़ी।** एसोसिएशन ऑफ सर्जन ऑफ इंडिया की ओर से नेशनल प्रेसिडेंट डा. प्रवीण सूर्यवंशी की पहल पर पहली बार 9 से 15 जून तक नेशनल सर्जन दिवस सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में बावल रोड स्थित शांति यादव अस्पताल में 13 जून को कैंसर के मरीजों की जांच के लिए मुफ्त कैंप का आयोजन किया जाएगा। अस्पताल परिसर में कैंसर पर जागरूकता अभियान की शुरूआत भी की जाएगी। अस्पताल के संचालक व सर्जन ऑफ इंडिया के जिला प्रधान डा. करतार सिंह यादव ने बताया कि पहली बार 15 जून तक सर्जन एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से नेशनल सर्जन वीक व नेशनल सर्जन-डे का आयोजन किया जा रहा है। सर्जन एसोसिएशन की ओर से रोटरी क्लब ऑफ रेवाड़ी सिटी के साथ मिलकर 15 जून को अस्पताल में रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा।

### ऑटो चोरी करने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सेक्टर-6 थाना धारूहेड़ा पुलिस ने ऑटो चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान यूपी के जिला एटा के गांव ईशारा हाल आबाद राजस्थान के भिवाड़ी के हनुमान नगर निवासी सोमेश के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया ऑटो बरामद कर लिया है। बिहार के जिला सारन के गांव मस्तिचक हाल किरायेदार नारायण विहार आंकेड़ा धारूहेड़ा निवासी अजित महतो ने गत 9-10 जून की रात को अपने ऑटो को घर के पास गली में खड़ा किया था, जिसे कोई व्यक्ति चोरी करके ले गया। पुलिस ने बुधवार को मामले में संलिप्त एक आरोपी यूपी के जिला एटा के गांव ईशारा हाल आबाद राजस्थान के भिवाड़ी के हनुमान नगर निवासी सोमेश को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से चोरी किया ऑटो बरामद कर लिया है। आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा दिया है।

# बचपन की रक्षा करके बच्चों को सुरक्षित वातावरण देना अत्यंत जरूरी : कंवर सिंह

- बाल श्रम निषेध दिवस पर धारूहेड़ा व बावल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धारूहेड़ा





रेवाड़ी। कार्यक्रम में बाल श्रम पर विचार रखते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से बुधवार को निजी कंपनी में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया गया। प्रति वर्ष 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाता है। यह दिन बाल श्रम समाप्त करने और बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित है। ओसीसीएल कंपनी में आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका चेयरमैन कंवर सिंह ने कहा कि बच्चों का जीवन काम के लिए नहीं, बल्कि शिक्षा और समग्र विकास के लिए होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाल श्रम में लिप्त बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास प्रभावित होता है। उन्होंने ने कहा कि अनेक प्रतिष्ठानों में अभी भी बाल श्रम कराया जा रहा है, जिसे रोकना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। बच्चों के बचपन की रक्षा करना और उन्हें सुरक्षित वातावरण देना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि बाल श्रम अधिनियम, 1986 के तहत 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से मजदूरी कराना कानूनी अपराध है। इस मौके पर बाल संरक्षण अधिकारी प्रदीप कुमार, अधिवक्ता विकी विज व रमेश वशिष्ठ ने भी अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में नालसा योजना 2024, किशोर न्याय अधिनियम, 2015, बाल यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम, शिक्षा का अधिकार अधिनियम अन्य बाल संबंधित कानूनों और योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके साथ ही, नालसा हेल्पलाइन 15100 के बारे में भी जागरूक किया गया। यह एक निशुल्क राष्ट्द्रीय हेल्पलाइन है, जो बच्चों और उनके अभिभावकों को विधिक सहायता, शिकायत दर्ज कराने तथा अन्य कानूनी सेवाएं उपलब्ध कराती है। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता और पैरा लीगल वॉलेंटियर्स आनंद कुमार, विक्की विज, सीमा यादव व भारत भूषण उपस्थित थे।

# तनाव कम करने सहित कई मानसिक विकारों को जड़ से खत्म करने में कारगर है योग : आईजी

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में साउथ रेंज में विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पुलिस महानिरीक्षक साउथ रेंज अशोक कुमार ने किया। योग प्रशिक्षक उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिंह ने सभी पुलिसकर्मियों को योग एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी और भस्त्रिका जैसे प्राणायाम कराए गए। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग रखी गई है, जिसका उद्देश्य योग के माध्यम से वैश्विक स्वास्थ्य को एकजुट करना है।



रेवाड़ी। योगाभ्यास करते हुए आईजी व पुलिस के जवान।

इस अवसर पर आईजी अशोक कुमार ने कहा कि योग मानसिक शांति, याददाश्त बढ़ाने, तनाव कम करने सहित कई मानसिक विकारों को जड़ से खत्म करने में कारगर है। योग को किसी भी उम्र के लोग कर सकते हैं। जीवनशैली में योग को शामिल करके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने नशे से बचने तथा शुद्ध खान पान पर भी जोर देते हुए कहा कि सभी को अपने घर के आंगन में सब्जी का बगीचा लगाना चाहिए, जिससे शुद्धता के स्तर को बेहतरीन रखा जा सके। कार्यक्रम में कार्यालय के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया।

### कोसली आईटीआई में कर्मचारियों और छात्रों ने किया योगाभ्यास



**कोसली।** कोसली के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में कर्मचारियों और छात्रों ने सामूहिक योग सत्र में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य सुनील यादव ने किया। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह मन, शरीर और आत्मा के सामंजस्य का एक तरीका है। उन्होंने सभी को नियमित रूप से योग अपनाने और इसके लाभों को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। अधीक्षक रमेश ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में योग तनाव को कम करने और मानसिक शांति प्राप्त करने का एक प्रभावी साधन है। योग प्रशिक्षक समता व धर्मपाल ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों, प्राणायाम और ध्यान तकनीकों का अभ्यास कराया। इस अवसर पर समूह अनुदेशक आदित्य ने परिसर में पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम में अनुदेशक निर्मल, उमेश, नवीन, सूरत, अजय, अरविंद, हितेंद्र, अनिल, देवीलाल, रविन, सुमन व संदीप सहित प्रशिक्षु छात्र उपस्थित थे।

# मोदी ने पीएम बनने के बाद किया व्यवस्था परिवर्तन का कार्य : डॉ. बनवारीलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

पूर्व मंत्री डा. बनवारीलाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने 11 साल पहले देश के प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद व्यवस्था परिवर्तन की दिशा में सकारात्मक कदम उठाए हैं। अंत्योदय के सिद्धांत पर चलते हुए पीएम मोदी ने केंद्र सरकार की योजना को आम आदमी तक आसानी से पहुंचाने की दिशा में काम किया है। डा. बनवारीलाल जिला सचिवालय में केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर लगाई प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। गरीब कल्याण और सुशासन की दिशा में बड़े कदम उठाए गए हैं। सरकार सेवाओं और सुविधाओं को ऑनलाइन करते हुए उनका लाभ पिछले पायदान पर खड़े लोगों तक पहुंचाया है, जिससे भ्रष्टाचार में काफी कमी आई है। सरकारी सेवाओं और सुविधाओं का लाभ आम लोगों तक बिना रुकावट के पहुंच रहा है। सरकार की ओर से गरीब वर्ग के लोगों के लिए जारी की जाने वाले वित्तीय सहायता सीधे उनके बैंक खातों में पहुंच रही है। केंद्र सरकार ने महिला उत्थान की दिशा में सराहनीय कदम उठाए हैं, जिससे महिलाएं स्वावलंबी बनकर अपने व अपने परिवार को चला रही हैं। पीएम उज्जवला योजना, पीएम आवास योजना, जलजीवन मिशन व किसान सम्मान जैसी योजनाओं का गरीब वर्ग के लोगों को फायदा मिल रहा है। नौकरियों में क्लास सी व डी में इंटरव्यू सिस्टम को खत्म किया गया है।

### कांग्रेस का संगठन खड़ा होने पर संशय



डा. बनवारीलाल ने प्रदेश कांग्रेस का संगठन खड़ा करने के प्रयासों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि दस साल से संगठन खड़ा करने के दावे किए जा रहे हैं। इस बार कांग्रेस 30 जून तक संगठन खड़ा करने के दावे कर रही है। देखना यह है कि जो संगठन दस साल खड़ा नहीं हो सका, वह चंद दिनों में कैसे खड़ा हो जाएगा।

**गुस्सा** चौ. चरण सिंह कृषि विवि हिसार के छात्रों पर लाठीचार्ज का विरोध

विद्यार्थियों ने कॉलेज परिसर में धरने पर बैठकर की नारेबाजी

# हिसार के आंदोलनकारी छात्रों को समर्थन बावल एग्रीकल्चर कॉलेज में भी हड़ताल

- छात्र बोले- सरकार विद्यार्थियों को न्याय दिलाकर शांत नहीं करेंगे तब तक आंदोलन जारी रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

चौ. चरणसिंह कृषि विवि हिसार के छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में बावल एग्रीकल्चर कॉलेज के विद्यार्थी भी वीरवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए। लाठीचार्ज के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई और स्कॉलरशिप के मुद्दे को लेकर विद्यार्थियों ने जोरदार नारेबाजी की।



रेवाड़ी। बावल कृषि कॉलेज में हड़ताल पर बैठे विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

वीरवार को कॉलेज के विद्यार्थी कैंपस में एकत्रित होने के बाद धरने पर बैठ गए। यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए छात्र नेताओं ने कहा कि हिसार में कृषि यूनिवर्सिटी के छात्रों के साथ बर्बर व्यवहार किया है, जो निंदनीय है। इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई जरूरी है।

छात्र नेता दीपक ने कहा कि स्कॉलर्शिप को लेकर हिसार के विद्यार्थी शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन कर रहे थे, परंतु उन पर बेवजह लाठियां भांजी हैं। कॉलेज के छात्र उनका समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि पहले 70 फीसदी से अधिक अंक पाने वाले सभी विद्यार्थियों को स्कॉलर्शिप दी जाती थी। इसे घटाकर 25 फीसदी कर दिया है, जो विद्यार्थियों के हित में नहीं है।

इसी बात को लेकर हिसार के विद्यार्थी आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक यूनिवर्सिटी प्रशासन व सरकार वहां के विद्यार्थियों को न्याय दिलाकर शांत नहीं करेंगे, तब तक उनके समर्थन आंदोलन जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप

### प्लांट हेड से मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** कसोला पुलिस ने सेक्टर-3 की एक कंपनी के प्लांट हेड के साथ मारपीट करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्लांट हेड राजस्थान के करवड़ निवासी मनीष चौधरी के बयान पर कई आरोपियों के खिलाफ 6 मई को केस दर्ज किया था। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिला गया था। मामले के एक और आरोपी मंडनवास निवासी कर्मबीर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

### घर के सामने खड़ी बाइक ले गए चोर

**डहीना।** कंवाली में रात के समय चोर एक घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में संजय कुमार ने बताया कि उसने अपनी बाइक रात को घर के बाहर खड़ी करने के बाद लॉक कर दी थी। इसके बाद वह ड्यूटी पर चला गया। सुबह करीब 5 बजे वापस आने पर उसे बाइक नहीं मिली। काफी पूछताछ करने के बाद भी उसकी बाइक का कोई पता नहीं चल सका।

### अदालत से घोषित पीओ चढ़ा पुलिस के हत्थे

**रेवाड़ी।** थाना बावल पुलिस ने अदालत से घोषित एक पीओ को गिरफ्तार किया है। वह पांच साल से फरार चल रहा था। नजफगढ़ के गोपाल नगर में रहने वाले सिपेंद्र को एक मामले में कोर्ट ने पीओ घोषित किया था। उसके खिलाफ बावल पुलिस स्टेशन में वर्ष 2020 में केस दर्ज किया गया था। इसके बाद लगातार फरार चल रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

### 15 जून को जिला प्रशासन करवाएगा योग मैराथन

**रेवाड़ी।** जिला प्रशासन की ओर से 15 जून को सुबह 5:30 बजे योग मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। यह मैराथन राजेश पायलट चौक से शुरू होकर गढ़ी बोलनी रोड पर अमनगनी सोसायटी तक आयोजित की जाएगी। जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. बसंत कुमार ने बताया कि मैराथन का शुभारंभ एसडीएम सुरेंद्र सिंह झंडी दिखाकर करेंगे। उन्होंने आमजन से मैराथन में भाग लेने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन में भी सहायक है।

### 12 जुलाई को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**रेवाड़ी।** सीजेएम अमित वर्मा ने आमजन से आगामी 12 जुलाई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि उच्चतम न्यायालय द्वारा आमजन के लिए टोल फ्री नंबर 15100 एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से एक हेल्पलाइन नंबर 01274-220062 चलाया हुआ है, जिस पर आमजन किसी भी प्रकार के कानूनी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## पुलिस कर रही थी गिरफ्तारी के प्रयास, जहर खाने के बाद एंबुलेंस खराब होने पर तोड़ा दम

# केस चलाने की नहीं पड़ी जरूरत महिला के हत्यारोपी ने खाया जहर

- जहर खाने के बाद आरोपी को पीजीआई ले जाते समय खराब हुई एंबुलेंस, आरोपी ने तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

महिला की हत्या के आरोपी को न तो गिरफ्तार करने की जरूरत हुई और न ही न्याय के लिए कोर्ट के फैसले का इंतजार हुआ। गिरफ्तारी के डर से जहर खाने वाले आरोपी की जान बचाने के लिए उसे रोहतक पीजीआई ले जा रही एंबुलेंस रास्ते में खराब हो गई, तो आरोपी ने एंबुलेंस में ही तड़प-तड़पकर दम तोड़ दिया। वीरवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए परिजनों के हवाले कर दिया। इसी के साथ महिला की हत्या का चैप्टर भी क्लॉज हो गया।

बीते 9 जून को धारूहेड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की पड़ोस में रहने वाले जितेंद्र ने चटनी बनाने वाले पत्थर से सिर फोड़कर हत्या कर दी थी। महिला के पति ने पुलिस बयान में बताया था कि जितेंद्र उसकी पत्नी पर लगातार गलत नजरें रखता था। वह उसकी पत्नी का पीछा करता था। उसे एक बार समझाया भी था, परंतु वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। 9 जून को वह उसकी पत्नी का पीछा करते हुए घर तक पहुंच गया। वहां उसकी पत्नी के साथ छेड़छाड़ करना शुरू कर दिया। घटना के समय महिला की बच्ची भी घर पर मौजूद थी। विरोध करने पर जितेंद्र ने महिला के सिर पर पत्थर से वार दिया। महिला खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर गई। बच्ची ने भागकर अपने पिता को बताया कि जितेंद्र उसकी मम्मी के साथ मारपीट कर रहा है। जब वह घर पहुंचा तो उसकी पत्नी बेसुध पड़ी हुई थी। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोपी जितेंद्र फरार होने में कामयाब हो गया था। थाना धारूहेड़ा पुलिस ने हत्या का केस दर्ज करने के बाद जितेंद्र की तलाश शुरू कर दी थी।



रेवाड़ी। धारूहेड़ा थाना परिसर का फोटो।

### ठिकाना नहीं मिलने से घबराया जितेंद्र

पुलिस ने हत्यारोपी जितेंद्र को गिरफ्तार करने के लिए उसके रिश्तेदारों और दोस्तों से पूछताछ करना शुरू कर दिया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार जितेंद्र पुलिस से बचने के लिए लोकरी गांव में किसी परिचित के घर चला गया था। पुसिल को इसकी भनक भी लग चुकी थी। परिचितों ने उसे वहां से खदेड़ दिया था। इसके बाद वह लोकरी से सीधे अपने घर पहुंचा। वहां आकर उसने जहर खा लिया। पता चलने के बाद परिजनों ने उसे ट्रॉमा सेंटर भिजवाया।

#### गंभीर हालत में किया गया रेफर

जितेंद्र की गंभीर हालत को देखते डॉक्टरों ने उसे रोहतक पीजीआई के रेफर कर दिया था। उसे एंबुलेंस से रोहतक ले जाया रहा था। जब एंबुलेंस झज्जर के निकट पहुंची, तो उसकी क्लच प्लेट खराब हो गई। जब तक एंबुलेंस को ठीक किया जाता, तब तक जितेंद्र दम तोड़ चुका था। झज्जर अस्पताल में उसकी मौत की पुष्टि होने के बाद शव रेवाड़ी लाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

#### एंबुलेंस को लेकर उठ रहे सवाल

जितेंद्र की मौत के साथ ही महिला की हत्या का चैप्टर क्लॉज हो गया है। महिला को प्रकृति ने बिना कोर्ट न्याय दे दिया है। तस्वीर का दूसरा पहलू यह है कि एंबुलेंस मरीजों को तुरंत अस्पताल पहुंचाने का सुरक्षित साधन मानी जाती है। इस सेवा में चलने वाली गाड़ियां का पूरी तरह फिट रहना जरूरी है। जितेंद्र को पीजीआई ले जा रही एंबुलेंस का रास्ते में खराब होना व्यस्था को सवालों के घेरे में खड़ा कर रहा है।

## हादसों को न्योता दे रहे हवा में झूलते बिजली के तार

### टेंडर के बाद भी चार महीने से अटका पड़ा कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धारूहेड़ा

धारूहेड़ा कस्बे के वार्ड नंबर-9 व सरकुलर रोड पर मकानों के ऊपर से जा रही बिजली की 11 हजार वोल्टेज की बिजली की लाइन काफी पुरानी एवं जर्जर हो चुकी हैं। मकानों के साथ लगे हाइटेंशन बिजली की लाइन के तारों का जाल हादसे को न्योता दे रहा है। बरसात के मौसम में वार्डवासी हाइटेंशन बिजली लाइन के कारण करंट लगने के डर से भयभीत रहते हैं। लोगों की ओर से शिकायत देने के बाद बिजली निगम के अधिकारियों ने बिजली लाइन को शिफ्ट करने के लिए दीप इलेक्ट्रिक पटौदी को ठेका देकर 7 फरवरी तक का समय दिया था, लेकिन 4 महीने बीतने के बाद भी बिजली लाइन हटाई नहीं गई है और न ही जर्जर तारों को बदला गया है, जिससे वार्डवासियों में रोष व्याप्त है। समस्या को लेकर वार्डवासी केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व विधायक रामनिवास सुरजा खेड़ा को पत्र भी लिख चुके हैं, लेकिन बिजली निगम के अधिकारी लोगों की समस्या के प्रति गंभीरता नहीं दिखा रहे है। शहर के वार्ड-9 की पुरानी एवं जर्जर हो चुकी बिजली की तारों की बदलने के लिए बिजली निगम के अधिकारियों ने एस्टीमेट बनाया था, लेकिन आज तक इन तारों को बदला नहीं गया है। लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र ही उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। लोगों ने कहा कि आए दिन बिजली की तारों के टूटने का खतरा बना रहता है एवं बार-बार बिजली गुल होने से परेशानी उठानी पड़ रही है। अगर जज्द ही हाइटेंशन लाइन को बदला नहीं गया तो आगामी मानसून सीजन में बड़ा हादसा हो सकता है, क्योंकि बरसात के समय गलियों में जलभराव हो जाता है। ऐसे में बिजली की लटकती तारों से करंट लगने से हादसा हो सकता है।


रेवाड़ी। धारूहेड़ा के वार्ड में छत पर लटकती हाइटेंशन बिजली लाइन।

## मोटे मुनाफे का लालच देकर साइबर ठगी करने वाला एक और आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने एक महिला को प्रोडक्ट रेटिंग के बदले मोटे मुनाफे का लालच देकर 1.16 लाख रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मध्य प्रदेश के जिला इंदौर के गांव बाराभाई लालबाग निवासी नितान्शु होलकर के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गांव खालेटा निवासी एक महिला का गत 10 अप्रैल को एक महिला से टेलीग्राम आईडी संपर्क हुआ था। उसे बताया गया था कि प्रोडक्ट को रेटिंग देकर अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता है। टेलीग्राम पर हुई बातचीत के आधार पर उसने बताए गए खाता नंबरों पर तीन बार में 1 लाख 16 हजार 462 रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद उसने पैसा रिफंड करने का प्रयास किया, तो उससे और पैसा जमा कराने को कहा गया। इसके बाद उसे ठगी का अहसास हुआ। पुलिस ने मामले में संलिप्त दो आरोपी राजस्थान के जिला झुंझुनू के गांव भागोरिया की ढाणी निवासी पवन कुमार व जिला झुंझुनू के परशुरामपुरा निवासी राहुल योगी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ के बाद इस बात का खुलासा हुआ कि साइबर ठगी में राजस्थान के जिला झुंझुनू के गांव भागोरिया की ढाणी निवासी पवन कुमार का बैंक खाता भी प्रयोग किया गया था। पवन कुमार के खाते से करीब 40 हजार रुपये की राशी गई थी। राहुल योगी ने पवन कुमार से बैंक खाता लेकर, कमीशन के आधार पर आगे साइबर ठगों को उपलब्ध कराया था। पुलिस ने बुधवार को मध्य प्रदेश के जिला इंदौर के गांव बाराभाई लालबाग निवासी नितांशु होलकर को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी नितान्शु होलकर के खाते में 74 हजार रुपये ट्रांसफर हुए थे। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।


ठगी का आरोपी नितांशु होलकर।

## समर कैंप उमंग सीजन 9 का समापन

# बच्चों ने समर कैंप में डांस व ड्राइंग का लिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

शहर के भाड़ावास गेट पर स्थित अकेडमी में चल रहे समर कैंप उमंग सीजन-9 का समापन किया गया। मुख्य अतिथि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संगवाड़ी की अंग्रेजी प्राध्यापिका ज्योत्सना यादव ने बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। पूर्व डीईओ धर्मबीर बल्डोदिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की तथा राजेश भगत और अभिषेक सैनी ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर मुख्यातिथि ने कहा कि बच्चों को नृत्य के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास, आत्म नियंत्रण और नैतिकता के मूल्यों को भी सीखना चाहिए। अकेडमी के निदेशक अभिषेक सैनी ने बताया कि समर कैंप में बच्चों को बॉलीवुड, वेस्टर्न, फ्री स्टाइल, पंजाबी, राजस्थानी व हरियाणवी लोक नृत्य का प्रशिक्षण दिया गया। आर्ट एंड क्राफ्ट के टीचर विवेक भारद्वाज ने बच्चों को ड्राइंग व कलरिंग सिखाई।


रेवाड़ी। समर कैंप के समापन पर मौजूद अतिथि व बच्चे।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर समाजसेवी ईश्वरी प्रसाद, शालू सैनी, दिव्या, प्रिया, कपिल, खुशी, तिशा, परिधि, सान्वी, धृतमान, जियांश, दीक्षा, तनुस, तनिस, पिहू, मानवी, शौर्य व वंशिका उपस्थित थे।

### भूरथला के पास सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**कोसली।** भूरथला गांव के समीप बुधवार रात हुई एक सड़क दुर्घटना में गांव के एक बाइक सवार की मौत हो गई। भूरथला गांव निवासी वीरपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अमन व कृष्ण कुमार के साथ मोटरसाइकिल पर नम्बरदार वाटिका गांव खुशपुरा से एक प्रोग्राम से खाना खाकर अपने गांव वापस आ रहे थे कि गांव टूमना से आगे कृष्ण कुमार ने मोटरसाइकिल को तेज गति से दौड़ा दिया। मना करने के बाद भी कृष्ण कुमार ने तेज गति व लापरवाही से बाईक चलाई।,बाइक दुर्घटना ग्रस्त होकर रोड़ पर जा गिरी, जिससे तीनों को चोटें आई। बाइक के बीच में बैठे अमन को गंभीर चोटें आई।

## खोल में मंदिर के सामने अवैध कब्जे व जीतपुरा में पंचायत भूमि पर अतिक्रमण हटाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में डीसी अभिषेक मीणा ने विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में लोगों की शिकायतों का निवारण किया। डीसी ने नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में नागरिकों की ओर से परिवार पहचान पत्र में नाम दर्ज कराने, पेंशन संबंधी अड़चनों, अवैध कब्जों, बिजली, सोलर पैनल संबंधी शिकायतों व रास्तों के पक्का करने की समस्याएं रखी। गांव खोल में मंदिर के सामने पंचायती जमीन पर हुए अवैध कब्जे तथा गांव जीतपुरा में पंचायत भूमि पर अतिक्रमण को लेकर आई शिकायत पर डीसी ने अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। गांव भटसाना निवासी रतिराम की फसल बीमा संबंधी समस्या पर भी समाधान करने को कहा गया। इस अवसर पर एडीसी अनुपमा अंजलि, एसडीएम सुरेंद्र कुमार, सीटीएम प्रीति रावत, डीएसपी विनोद शंकर व डीडीपीओ नरेंद्र सारवान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



रेवाड़ी। समाधान शिविर में शिकायतों की सुनवाई करते डीसी अभिषेक मीणा।


रेवाड़ी। शूटिंग खिलाड़ी सृष्टि को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## सृष्टि ने शूटिंग में दो गोल्ड व एक सिल्वर मेडल जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

राव तुलाराम स्टेडियम के पास विकास नगर स्थित शूटिंग अकादमी की खिलाड़ी सृष्टि अरोड़ा ने साउथ कोरिया में आयोजित अंतरराष्ट्रीय वर्ल्डकप में 2 स्वर्ण पदक व 1 रजत पदक जीतकर अपने देश, माता पिता एवं कोच का मान बढ़ाया है। साउथ कोरिया से पदक जीतकर आई सृष्टि अरोड़ा का कोच विजय कुमार व गणमान्य लोगों ने स्वागत किया। गांव खालेटा व मायण में नौजवान भारत सभा ने सृष्टि, कोच विजय कुमार व उनके माता-पिता को सम्मानित किया। खिलाड़ी व कोच ने गांव खालेटा में पहाड़ी पर स्थित हनुमान मंदिर व ठाकुर जी मंदिर में महाराज विष्णुदास, बाबा प्रेमदास व बाबा जीवनदास से आशीर्वाद प्राप्त किया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सत्यरूप यादव, थानेदार संतोष कुमार, प्रियांश, पंच मनोज कुमार, पार्थ, मास्टर राम भगत, पूर्णचंद मुदगिल, तरुण कौशिक, रामसिंह शर्मा, महेश शर्मा, मास्टर किशोरीलाल, सुरेश, रतन, सूबेदार सत्येंद्र, सदाराम, ललित, सीटू, सुरेंद्र, मीना देवी, सुनीता देवी, ललिता देवी, भगवती देवी व शीला देवी सहित अनेक लोग मौजूद थे।


रेवाड़ी। योगाभ्यास करते हुए शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### जीवनशैली विकारों को रोकने और तनाव प्रबंधन के लिए योग के महत्व पर दिया जोर

**रेवाड़ी।** जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. बसंत कुमार की अध्यक्षता में वीरवार को आयुष विभाग की ओर से योग प्रोटोकॉल रिहर्सल के तहत पॉलिटेक्निक कॉलेज लिसाना व पॉलिटेक्निक कॉलेज धामलावास सहित जिले के विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में योगाभ्यास आयोजित किए गए। आयुष विभाग के योग सहायकों ने सभी को प्राणायाम व आसन कराएं। जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. बसंत कुमार ने बताया कि इन योग शिविरों में लगभग 2350 व्यक्तियों ने भाग लिया, जिनमें छात्र, शिक्षक और अन्य कर्मचारी शामिल थे। उन्होंने जीवनशैली विकारों को रोकने और तनाव प्रबंधन में योग अभ्यास के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन में भी सहायक है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10 X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

### होटल संचालक के साथ मारपीट के आरोप में तीन नामजद

**कोसली।** कान्हड़वास में एक होटल संचालक के साथ मारपीट करने और होटल पर कब्जे का प्रयास करने के आरोप में पुलिस ने महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस बयान में लूला अहीर निवासी भूपेंद्र ने बताया कि उसने कान्हड़वास निवासी उर्मिला का होटल किराए पर लिया हुआ है। उसने होटल किराए पर लेने के लिए उर्मिला के साथ एग्रीमेंट किया हुआ है, जिसमें वह होटल को वर्ष 2027 तक रख सकता है। भूपेंद्र ने आरोप लगाया कि होटल पर उर्मिला, जयभगवान और उसका चाचा वीरसिंह आए।

**प्रदर्शन** एमआरएफ डंपिंग यार्ड में मारपीट का मामला, आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करने के आरोप

# मारपीट के विरोध में सफाईकर्मियों का प्रदर्शन गिरफ्तारी नहीं होने पर आंदोलन तेज करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

तीन दिन पहले एमआरएफ डंपिंग यार्ड में एक सफाई कर्मचारी के साथ हुई मारपीट के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सफाई कर्मचारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। सफाई कर्मियों ने चेतावनी दी है कि अगर 24 घंटे में आरोपी गिरफ्तार नहीं किए गए, तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

वीरवार को सफाई कर्मचारी नगर परिषद के प्रांगण में एकत्रित हुए। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए प्रधान महेंद्र सिंह चांवरिया ने कहा कि डंपिंग यार्ड में बाहर से आए लोगों ने ट्रैक्टर चालक आमित के साथ जमकर मारपीट की थी। अगर अमित सही समय पर सूचना नहीं देता, तो यह लोग उसे मारकर कचरे के ढेर में दफन भी कर सकते थे। पुलिस ने आमित के बयान पर केस तो दर्ज कर लिया, परंतु आरोपियों को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया है।

महिला विंग की स्टेट कन्वियर पूनम ने आरोप लगाया कि पुलिस बाहर से आए लोगों को खदेड़ने की बजाय उन्हें सलाखों के पीछे धकेलने से बच रही है। सफाई कर्मचारी हर मुश्किल परिस्थिति में शहर को साफ-सुथरा बनाने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। इसके बावजूद शहर में रह रहे बाहरी लोग हमला करते हैं और पुलिस उन्हें गिरफ्तार तक नहीं कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर मारपीट के आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार नहीं किया गया, तो सफाई कर्मचारी सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन शुरू करने से पीछे नहीं हटेंगे।


रेवाड़ी।नगर परिषद के बाहर प्रदर्शन करते सफाई कर्मी। फोटो : हरिभूमि

### बाहरी लोगों को जल्द खदेड़े पुलिस

यूनियन के कोषाध्यक्ष पूर्णचंद ने कहा कि बाहर से आकर गैर कानूनी तरीके से रहने वाले बांग्लादेशी और रोहिंग्या को पुलिस खदेड़ने की दिशा में कदम नहीं उठा रही है। अमित को मारपीट करने वालों में यही लोग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस को बाहर से आकर रह रहे लोगों के आधार कार्ड और दस्तावेजों की जांच करते हुए गैर कानूनी तरीके से रहने वालों को तुरंत खदेड़ना चाहिए। अगर मारपीट के शिकार कर्मचारी को न्याय नहीं मिला, तो सफाई कर्मचारी बड़ा आंदोलन शुरू करने से पीछे नहीं हटेंगे।